तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 23 फरवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 कठौतिया उपार्जन केन्द्र में गड़बड़ी 900 बोरा धान गायब, मचा हड़कंप




## खबर संक्षेप

### संगठित गिरोह ने अमेरा खदान से पार किया 3.5 टन कोयला

**लखनपुर।** अमेरा खदान में जबरन घुसकर 15 20 लोगों के संगठित गिरोह ने गार्ड से धक्का मुक्की कर 3.5 टन कोयला की चोरी घटना को अंजाम दिया है। घटना की खान प्रबंधक ने थाने में दर्ज कराई है। अमेरा ओसीसी खान प्रबंधक समे लाल आ. स्व. बेग राय धैर्य (56 वर्ष)शनिवार की रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 20 फरवरी की शाम लगभग 6 बजे आनंद राम केवट, आलम साय राजवाड़े एवं अन्य 15 से 20 लोग ग्राम चिलबिल के संगठित होकर पैदल और मोटरसाइकिल से बैरियर में अनाधिकृत रूप से घुसकर ड्यूटी मे तैनात गार्ड आशीष मिंज व जफरुल्लाह खान को धक्का देकर अमेरा खदान परिसर के अंदर घुसकर 17 हजार कीमत के 3.5 टन कोयला चोरी कर ले गए। संगठित ग्रहण के अपराधिकृत से राष्ट्र के राजस्व को भारी क्षति हो रही है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 329(3), 303(2), 112 (2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एनएच 130 पर पलटा पिकअप बाल-बाल बचा चालक


**लखनपुर।** एनएच 130 लखनपुर थाना मोड़ के समीप पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में चालक बाल-बाल बच गया। बताया जा रहा है कि पिकअप क्रमांक सीजी 4 क्यूपी 9094 का चालक भिलाई मंडी से बैंगन लोड कर उत्तर प्रदेश वाराणसी जाने के लिए निकला था। जैसे ही चालक वाहन लेकर लखनपुर थाना मोड के समीप पहुंचा तभी चालक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिससे अनियंत्रित पिकअप सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में पिकअप चालक के हाथ में मामूली चोटे आई है।

### बतौली में खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई अवैध गिट्टी से भरे 2 हाईवा किया जब्त

**अम्बिकापुर।** खनिज विभाग द्वारा बतौली में अवैध गिट्टी से भरे परिवहन कर रहे दो हाईवा वाहन को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी अनिल साहू टीम के साथ बतौली क्षेत्र के दौरा में थे। इसी दौरान अवैध गिट्टी से भरे दो हाईवा वाहन को रुकवा जांच किया जहां दोनों हाईवा वाहन में बगैर पीट पास के अवैध गिट्टी बरियों से सीतापुर ले जाया जा रहा था । दोनों वाहन को बतौली थाने के सुपुर्द किया गया है। वाहन क्रमांक सीजी 15 डी एक्स 2734 व सीजी 15 ई ए 3631 पर करवाई करते हुए 39 -39 हजार का जुर्माना लगाया गया है। दोनों गिट्टी से भरे वाहन मनीष अग्रवाल, राहुल अग्रवाल का बताया जा रहा है। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी श्री साहू ने बताया कि अवैध रूप से कार्य कर रहे या परिवहन करते वाहनों पर कड़ी करवाई की जाएगी।

### किशोरियों से अनाचार के 3 आरोपी भेजे गए जेल

**अम्बिकापुर।** घर से लापता दो किशोरियों से अनाचार करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है। 24 घंटे बाद पीड़ित किशोरियां घर लौटी तो परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपियों में शासकीय कार्यालय में पदस्थ एक चालक भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त किया है।



रमज़ान मुबारक

पांचवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.03 बजे

कल की सेहरी - 5.01 बजे

## विभाग के पास भी नहीं है ठोस जवाब

# सोसायटियों में नहीं पहुंच पाया चावल, हितग्राही हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरकार एक तरफ प्रदेश में चावल उत्सव मना रही है तो वहीं दूसरी ओर सरगुजा जिले में पीडीएस व्यवस्था ध्वस्त होती नजर आ रही है। आलम यह है कि जिले के ज्यादातर उचित मूल्य दुकानों में चावल नहीं पहुंच पाया है कहीं भंडारण कम होने के कारण एक माह का ही राशन प्रदान किया गया। ऐसे में हितग्राहियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर जिले के खाद्य विभाग के आला अधिकारी भी इस समस्या पर विशेष ध्यान नहीं दे रहे है।

**खास बात**

- पिछले महीनों के चना आबंटन को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं

बता दें कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों में पिछले सात महीनों से हितग्राहियों को चना नहीं मिल पा रहा था। सप्लाई की कमी के कारण हितग्राही चना नहीं ले पाए तो कभी चना आया भी तो एक दो माह का ही मिला। पिछले महीनों का बकाया चना हितग्राहियों को प्रदान नहीं किया गया वो वहीं अब जिले में चावल की शॉर्टेज हो गई है। पिछले एक महीने से हितग्राहियों को चावल नहीं मिल रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि गोदामों में चावल का स्टॉक जमा नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि सरगुजा जिले में प्रतिमान 63 हजार 491 क्विंटल चावल, 2 हजार 568 क्विंटल शक्कर, 4 हजार 700 क्विंटल चना और 4 हजार 706 क्विंटल नमक का आबंटन हितग्राहियों को किया जाता है लेकिन इस बार सोसायटी में चावल पहुंचा ही नहीं है। इसे लेकर अधिकारियों का कहना है की फोर्टीफाइड चावल का भंडारण नहीं होने के कारण उचित मूल्य दुकानों क्त सप्लाई नहीं हुआ है। ऐसे में हितग्राहियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



राशन दुकान में हितग्राहियों की भीड़।

### दो महीने का देना है राशन

बड़ी बात यह है कि इस बार चावल उत्सव के तहत सोसायटियों से हितग्राहियों को दो माह का राशन दिया जाना है लेकिन आबंटन नहीं होने के कारण जहां कई सोसायटी खाली है तो वहीं जिन सोसायटियों में राशन पहुंच भी रहा है तो वहां सिर्फ एक माह का ही राशन प्रदान किया जा रहा है। ऐसे में हितग्राहियों को राशन की गड़बड़ी की आशंका भी सता रही है। हैरानी की बात तो यह है कि जिले के खाद्य अधिकारी के पास इसे लेकर कोई ठोस जवाब नहीं है। चावल शार्टेज को लेकर विभाग की दलील है कि चावल गोदामों में पहुचने के बाद लोगों को राशन वितरण किया जाएगा। इधर खाद्य विभाग यह भी मान रहा है कि पिछले सात महीनों से चने की सप्लाई नहीं हुई और अब पिछले महीनों के चने की सप्लाई होगी या नहीं इसे लेकर भी स्थित स्पष्ट नहीं है।

# पीएससी परीक्षा देने अभ्यर्थियों में दिखा उत्साह, 3 जिलों में शामिल हुए 5929

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रारंभिक पीएससी परीक्षा का आयोजन किया गया। सरगुजा के साथ ही सूरजपुर और बलरामपुर जिले में सीजीपीएससी के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। तीनों जिलों के 18 केन्द्रों में हुई परीक्षा में कुल 5 हजार 929 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 1 हजार 627 अभ्यर्थी अनुपस्थित हुए।

- कहा- पिछले बार की तुलना कठिन था पेपर

बता दें कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 22 फरवरी को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन प्रदेश भर में किया गया था। सरगुजा संभाग की बात की जाए तो जिला मुख्यालय में पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए कुल 12 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केन्द्रों में सुबह से ही अभ्यर्थी पहुंचने शुरू हो गए थे। इस दौरान अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर सहित अन्य गहन जांच से गुजरना पड़ा। पीएससी परीक्षा के लिए सरगुजा जिले से कुल 5601 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे। जिनमें से प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान 4515 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1088 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में भी 5601 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 4460 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 1141 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पीएससी परिक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष अभ्यर्थियों को पेपर थोड़ा कठिन लगा तो वहीं पहली बार परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों ने कहा कि पेपर उनकी पढ़ाई के अनुरूप ही आया था। पीएससी परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक दलों एवं उड़नदस्ता टीमों ने परीक्षा केन्द्रों का निरंतर निरीक्षण किया। संपूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही। प्रशासन की सतर्कता एवं समन्वय से परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।



परीक्षार्थी की जांच करते पुलिस।

### सूरजपुर 981 तो बलरामपुर में 488 हुए शामिल

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 सूरजपुर जिला मुख्यालय में भी आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिले में कुल 04 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में कुल 1238 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 990 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 248 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में भी 1238 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 981 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और 257 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं बलरामपुर जिले की बात की जाए तो यहां पीएससी परीक्षा के लिए 2 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। बलरामपुर जिले में कुल 717 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। दो पालियों आयोजित परीक्षा में कुल 488 अभ्यर्थी उपस्थित और 229 अनुपस्थित रहे।

# दो दिन में 600 टन गन्ने की आवक शक्कर कारखाना में बंद हुई पेराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मां महामाया शक्कर कारखाना में रविवार से गन्ने की खरीदी एवं पेराई सत्र का समापन कर दिया गया। कारखाना प्रबंधन ने अंतिम नोटिस जारी कर शनिवार तक ही किसानों का गन्ना खरीदने की सूचना दी थी लेकिन रविवार को भी किसानों का गन्ना खरीदा गया तथा अंतिम दिन पांच घंटे तक कारखाने का संचालन हुआ।

इस बार प्रारंभ से ही कम गन्ने की आवक होने के कारण मां महामाया शक्कर कारखाना प्रबंधन को विपरीत परिस्थितियों से जूझना पड़ा। खास बात है कि इस बार कारखाना को तीनों सत्र में चलाने की क्षमता के अनुसार एक दिन भी गन्ना उपलब्ध नहीं हो सका। गन्ने की कम आवक को देखते हुए जिला प्रशासन ने गुड़ एवं खाड़सारी उद्योगों पर सख्ती की इसके बावजूद गन्ने की आवक नहीं बढ़ी। कारखाना के अधिकारी-कर्मचारी गन्ने की आवक बढ़ाने हर संभव कोशिश की लेकिन स्थिति नहीं बदली। स्थिति को देखते हुए कारखाना प्रबंधन ने अंतिम नोटिस जारी कर 21 फरवरी तक किसानों का गन्ना खरीदने की सूचना दी थी। अंतिम दिन प्रबंधन द्वारा शाम तक कारखाना पहुंचने वाले किसानों का गन्ना खरीदा गया। खरीदी बंद होने की सूचना पर रविवार को भी छिटपुट किसान अपना गन्ना ट्रैक्टर से ढोते रहे। प्रबंधन शाम तक किसानों का गन्ना खरीदते रहा। शनिवार एवं रविवार को 600 टन गन्ने की आवक हुई जिससे रविवार को अंतिम बार शाम में 6 घंटे तक गन्ने की पेराई की गई। सोमवार से न तो गन्ने की खरीदी की जाएगी न ही पेराई पिछले साल भी कारखाने की क्षमता के अनुसार गन्ने की आवक नहीं हुई थी लेकिन 10 मार्च तक गन्ने की खरीदी की गई थी। पिछले साल कारखाना द्वारा 2 लाख मीट्रिक टन गन्ने की खरीदी की गई थी जबकि चालू सत्र में मात्र 1.18 लाख मीट्रिक टन गन्ने की आवक हुई। गन्ने का घटता रकबा एवं अपनी उपज बेचने को लेकर किसानों की बढ़ रही दूरी भविष्य में शक्कर कारखाना के अस्तित्व के लिए बड़ा संकट उत्पन्न कर सकता है। कारखाना प्रबंधन किसानों को उन्नत बीज उपल कराने के साथ ही किसानों से संपर्क कर रकबा बढ़ाने की कोशिशें कर रहा है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक के दोनों पैर कट कर अलग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

रेलवे स्टेशन से पहले रेलवे फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से युवक का दोनों पैर कटकर अलग हो गया। ट्रेन यात्रियों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक को ट्रेन से बाहर निकाल परिजन को सूचना दी। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक के ट्रेन की चपेट में आने तथा दोनों पैर कट जाने पर परिजन सहित लोगों द्वारा कई तरह के आशंका जाहिर कर रहे है।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर भैयाथान रोड मिश्रा गली निवासी मयंक तिवारी आ. मनोज तिवारी (25 वर्ष) बीत रात दोस्तों के साथ घर से निकला था। जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। इसी बीच रात लगभग 10 बजे अज्ञात लोगों ने युवक के मोबाइल से परिजन को बताया कि युवक ट्रेन की चपेट आ गया है जिससे उसके दोनों पैर कर कर अलग हो गए है। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और युवक व उसके दोनों कटे पैर को लेकर अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जिकल आईसीयू में युवक को भर्ती किया गया है जहां उपचार चल रहा है। इधर घटना के संबंध में लोगों द्वारा तरह-तरह की बात बताई जा रही। युवक ट्रेन की चपेट में कैसे आया यह तो युवक के होश में आने के बाद ही पता लग सकेगा।



अस्पताल के बाहर लोगों की भीड, इनसेट में घायल।

### युवती ने ट्रेन से निकला घायल युवक को

अंबिकापुर-दुर्ग ट्रेन में सफर कर रही एक युवती ने बताया कि जैसे ही ट्रेन सूरजपुर स्टेशन से 500 मीटर दूर रेलवे फाटक के समीप पहुंची तभी किसी ने बताया कि एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया है। ट्रेन की रफ्तार धीरे होने पर युवती नीचे उतरी और ट्रेन के नीचे टॉर्च जला कर देखने लगी तभी युवक मदद की गुहार लगा रहा था। युवक की आवाज सुन युवती अन्य यात्रियों को घटना की जानकारी दी। लेकिन किसी ने युवक को ट्रेन के नीचे से निकालने की हिम्मत नहीं की जिस पर युवती खुद ही अकेले युवक को किसी तरह खीच कर बाहर निकालने लगी जिसे देख अन्य युवक ने मदद किया और घायल युवक तथा उसके कटे पैर को बाहर निकाला।

# मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बलरामपुर।** मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन नग बैल बरामद करने के साथ ही उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। चांदो पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति ग्राम नावाडीह कला, पियारटोली के रास्ते से पैदल 3 बैल को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हाकते हुए बूचड़खाना झारखंड बॉर्डर की ओर ले जा रहे हैं। सूचना के बाद चांदो पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की गई इस दौरान दो लोग मवेशियों को मारते पीटते व हाकते हुए झारखंड ले जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मौके से ग्राम धनजी निवासी सुरेंद्र काशी व ग्राम करचा निवासी कपिल देव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6, 10, छत्तीसगढ़ कृषि पशु, परिरक्षण अधिनियम 2004 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# कीटनाशक छिड़काव करने के बाद लापरवाही बरतने से गई ग्रामीण की जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक छिड़काव करने के बाद सही तरीके से हाथ नहीं धोने तथा ढोढ़ी में दोनों हाथ से पानी पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोरजा निवासी परमेश्वर राम आ. स्व. रामधन (39 वर्ष) 19 फरवरी को खेत में लगी धान की फसल में कीटनाशक छिड़काव करने गया था। फसल में कीटनाशक छिड़काव करने के बाद शाम को घर आया और उल्टी करने लगा। परिजन ने पूछताछ की तो परमेश्वर ने बताया कि फसल में कीटनाशक छिड़काव करने के बाद सही तरीके से हाथ नहीं धोया और ढोढ़ी में दोनों हाथ से पानी पिया था। जिसके कुछ समय बाद उल्टी होने लगी। परिजन पानी के साथ कीटनाशक पेट में चले जाने पर तत्काल ग्रामीण को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## ननि नेता प्रतिपक्ष ने वार्ड में पीलिया से प्राभावित परिवारों से की मुलाकात, आज जाएगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

# संभाग मुख्यालय में पीएचई के पास नहीं पानी की जांच की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के पीलिया प्रभावित वार्डों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक नए मरीजों की पहचान की गई जिनका उपचार विभिन्न अस्पतालों में जारी है। बढ़ते मामलों को देखते हुए नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने प्रभावित वार्डों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान यह बात सामने आई कि संभाग मुख्यालय में पीएचई के पास पेयजल की जांच करने की सुविधा ही नहीं है। ई-कोलाई जैसे घातक बैक्टीरिया की जांच की सुविधा नहीं है जबकि सूरजपुर में यह जांच हो जाती है। पीएचई पानी के जांच के लिए सेम्पल रायपुर भेजने की तैयारी कर रहा है। पानी में बैक्टीरिया की जांच करने वाला रैपिड किट एच टू एस भी जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है।

प्रभावितों के लिए गिनती के एक डेढ़ दर्जन एच टू एस बोतल ही दिया जा सका। शहर में पीलिया के प्रकोप का खुलासा भी स्वास्थ्य विभाग की जांच में हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने ही पेयजल की जांच कर ई कोलाई होने की पुष्टि की है। इधर रविवार को वार्ड में पहुंचे ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने संबंधित वार्डों के पार्षदों, स्वास्थ्य विभाग तथा नगर निगम के अमले के साथ घर-घर पहुंचकर पीड़ितों का हालचाल जाना और उपचार की समुचित व्यवस्था की जानकारी ली। जरूरतमंद परिवारों को आरओ वाटर केन भी वितरित किए गए, ताकि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। बता दें कि सोमवार से प्रभावित बस्तियों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर खून की जांच की जाएगी। नगर निगम की टीम द्वारा पेयजल के सैंपल लिए जाएंगे तथा पाइपलाइन की मरम्मत और सुधार कार्य भी किया जाएगा। इसके लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार कर लिया गया है। वहीं भ्रमण के दौरान वार्ड के लोगों ने बताया निगम कर्मियों द्वारा टूटे पाइप को जोड़ने में प्लास्टिक और रबड़ के पुराने चप्पलों का इस्तेमाल किया गया है। ऐसी आशंका है कि वहीं से नालियों का पानी पेयजल की सप्लाई लाइन में मिलकर पेयजल को संक्रमित कर रहा है जिस स्थान पर यह शिकायत मिली है सबसे ज्यादा वहीं आसपास के घरों के लोग प्रभावित हैं। इस दौरान पार्षद हसन खान, पपिन्दर सिंह, मो. इस्लाम, नियाजुद्दीन खान निक्की, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अग्रवाल, अनिल पांडेय तथा नगर निगम की जल शाखा के प्रभारी इंजीनियर प्रशांत खुल्लर सहित निगम और स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला एवं मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हाईस्कूल मुख्य परीक्षा में पहले दिन शामिल हुए 9359 परीक्षार्थी

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत दिनांक 21 फरवरी को हिन्दी विषय की परीक्षा जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। हाईस्कूल परीक्षा से संबंधित पंजीकृत कुल 9637 परीक्षार्थी थे जिसमें परीक्षा में 9359 सम्मिलित हुए, वहीं 278 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण किए गए प्रमुख केन्द्रों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केदारपुर, कन्या दरिमा, बालक दरिमा, सखौली, धौरपुर, जोरी, डूमरडीह, पडौली, पुहपुटरा, कन्या लखनपुर, उदयपुर, कन्या सीतापुर, प्रतापगढ़, बालक बतौली, कन्या बतौली, क्रिश्चियन सूर्यापारा सीतापुर एवं डी. हिलाक्स पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर शामिल हैं। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलिबा, गांधीनगर, कन्या शिक्षा परिसर केदारपुर, सेंट जेवियर्स एवं होलीक्रास कॉन्वेंट विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। सभी केंद्रों में परीक्षा निर्धारित समयानुसार, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित होना पाया गया। डीईओ द्वारा होलीक्रास कॉन्वेंट विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों के आधार आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र शत-प्रतिशत तैयार कराना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक असुविधा का सामना न करना पड़े।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने डॉ. अंशुमान

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए चिकित्सा प्रकोष्ठ की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस नई सूची में चिकित्सा जगत के अनुभवी और प्रतिष्ठित नामों को जिम्मेदारी देकर पार्टी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि स्वास्थ्य सेवा और जनसंपर्क को प्राथमिकता दी जा रही है। नवगठित कार्यकारिणी में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.अंशुमान चौधरी को जिला संयोजक की कमान सौंपी गई है, वहीं क्षेत्र के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ.सौरभ सिंह को जिला सह-संयोजक के महत्वपूर्ण दायित्व से नवाजा गया है। इन नियुक्तियों से चिकित्सा समुदाय और भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नियुक्ति के बाद डॉ.सौरभ सिंह ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए इसे सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। डॉ.सौरभ ने विशेष रूप से क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले के प्रति आभार व्यक्त किया।

### लोन स्वीकृति पत्र वितरण ग्राहकों का सम्मान

**डोमनहिल।** नगर पालिका निगम के सभागृह में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित रिटेल क्रेडिट अभियान के अंतर्गत लोन धारकों को स्वीकृति पत्र वितरण करने के साथ ही साथ बैंक प्रबंधन ने ग्राहकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया और उन्हें बैंकिंग सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि निगम के महापौर रामनरेश राय एवं क्षेत्रीय प्रमुख रणवीर सिंह उपस्थित रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सिंह ने उपस्थित ग्राहक एवं क्षेत्र के व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे रीजन के अंतर्गत रिटेल क्रेडिट मेगा प्रोग्राम आयोजन के लिए चिरमिरी को ही क्यों चुना गया, आप सभी को अवगत कराना आवश्यक होगा कि चिरमिरी क्षेत्र में सेंट्रल बैंक की 7 शाखाएं संचालित हैं, पूरे जोन में 40 प्रतिशत व्यवसाय इसी क्षेत्र से बैंक को प्राप्त होता है जो बैंक की विश्वसनीयता और ग्राहकों के भरोसे को दर्शाता है। शेयर मार्केट के अंतर्गत पूरे भारत में सबसे ज्यादा योगदान देने वाला क्षेत्र चिरमिरी ही है। बैंक कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे आम नागरिक, छोटे व्यापारी, किसान और युवा उद्यमी आसानी से अपने सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने सेंट गृह लक्ष्मी योजना, गोल्ड लोन, व्हीकल लोन तथा पर्सनल लोन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हमारे बैंक ने महिलाओं के लिए विशेष होम लोन योजना चालू की है। इसमें 7.10 प्रतिशत ब्याज दर है।

### सारागांव में बिजली चोरी करते 6 पकड़े गए, होगी एफआईआर

**जांजगीर-चांपा।** चोरी की बिजली से घर रोशन करने वाले 6 लोगों के खिलाफ विद्युत मंडल ने कार्रवाई की है। स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ कर उपभोक्ताओं द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी। अब सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। बिजली चोरी पर लगाम कसने विद्युत मंडल द्वारा अभियान छेड़ दिया गया है। विद्युत विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिजली विभाग ने सारागांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा। यह अभियान विभाग के एस ई अमर चौधरी एवं ई ई अजय भारद्वाज के निर्देश पर चलाया गया। बिजली विभाग के ए ई अंकित सोनी ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा की गई जांच में सामने आया कि संबंधित उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से पहले सर्विस वायर को काटकर सीधे बिजली आपूर्ति ले रहे थे। इस अवैध कनेक्शन के माध्यम से लंबे समय से बिजली चोरी की जा रही थी, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा था। कार्रवाई के दौरान सभी 6 उपभोक्ताओं के खिलाफ पंचनामा तैयार कर लिया गया है। विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित आरोपियों के खिलाफ थाना सारागांव में एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बिजली विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिजली चोरी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी इसी प्रकार की सघन जांच व कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## रिकॉर्ड और भंडारण में भारी अंतर, जिला प्रशासन से जांच की मांग

# कठौतिया उपार्जन केन्द्र में गड़बड़ी 900 बोरा धान गायब, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



एमसीबी जिले के कठौतिया धान उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। केन्द्र के रिकॉर्ड और वास्तविक भंडारण के बीच भारी अंतर पाए जाने से हड़कंप मच गया है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार लगभग 900 बोरी धान गायब होने की आशंका जताई जा रही है, जो सीधे तौर पर बड़े आर्थिक घोटाले की ओर इशारा करता है। रिकॉर्ड के मुताबिक कठौतिया उपार्जन केन्द्र से अभी 360 क्विंटल धान का उठाव शेष है, लेकिन जब मौके पर भौतिक सत्यापन किया गया तो केवल 150 बोरी धान ही उपलब्ध पाई गई। यही नहीं, जो धान मौके पर मौजूद है, उसकी स्थिति भी बेहद खराब बताई जा रही है। बोरियां अस्त-व्यस्त हालत में हैं, जिससे भंडारण और रख-रखाव में भारी लापरवाही साफ नजर आती है। इस गंभीर विसंगति को सामने लाने में गोयल राइस मिल के संचालक संतोष गोयल की अहम भूमिका रही। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन को लिखित शिकायत दी है। शिकायत जिला कलेक्टर, खाद्य अधिकारी और जिला विपणन अधिकारी को भेजी गई है, जिसमें धान स्टॉक में भारी गड़बड़ी और संभावित भ्रष्टाचार की आशंका जताई गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब इस मामले में केन्द्र के समिति प्रबंधक बलराम सिंह से जानकारी चाही गई, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब देने के बजाय टाल-मटोल वाला रवैया अपनाया। उनके अस्पष्ट बयानों से संदेह और गहरा गया है, इससे सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह लापरवाही है या जानबूझकर की गई हेराफेरी। मामले की जानकारी मिलते ही चैनपुर समिति के अध्यक्ष उजितनारायन सिंह भी कठौतिया केन्द्र पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# आर्थिक तंगी से जूझ रहे कोटवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



■ अपनी मांगों को लेकर सीएम को भेजे पत्र

कोटवार एसोसिएशन ऑफ छग के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित किया है।

कोटवार एसोसिएशन के विनोद कुमार, धर्मपाल का कहना है कि हम सभी कोटवारों की सेवाएं शासकीय कर्मचारियों की भॉंति भूतपूर्व शासको के कार्यकाल से लेकर वर्तमान शासन में भी पीढ़ी दर पीढ़ी से आज तक निर्वरत जारी है, फिर भी कोटवारों को आर्थिक स्तरों पर सम्मान जनक जीवन-यापन करने के लिए नसीब नहीं हो पा रही है। जिसके चलते प्रदेश में खास कर सेवा भूमिहीन कोटवारों को विगत कई वर्षों से निरंतर आर्थिक कठिनाईयों का सामना कर शोषित जिंदगी जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। इन लोगों की प्रमुख मांग है कि कोटवारों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाकर नियमित किया जाए तथा जब तक नियमित नहीं किया जाता तब तक मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि किया जाए। सेवा भूमिहिन कोटवारों की मानेदय 6000 से 21000 वृद्धि किया जाए। 3 एकड़ सेवा भूमि वाले कोटवारों की मानदेय में 5500 से 18000 वृद्धि किया जाए।

5-7 एकड़ सेवा भूमि वाले कोटवारों की मानदेय में 4500 से 15000 वृद्धि किया जाए। 10 एकड़ से अधिक सेवा भूमि वाले कोटवारों की मानेदय में 3000 से 12000 वृद्धि किया जाए। मध्यप्रदेश की कोटवारों के भॉंति वर्दी कपड़ा खाकी कलर अच्छे किस्म का छग कोटवारों को भी दिया जाए। वर्दी सिलाई राशि 275 रूपए से बढ़ाकर 1000 रूपए प्रतिवर्ष दिया जाए। तथा अच्छे किस्म का प्रत्येक तीन वर्ष में गरम कोट दिया जाए। उल्लेखनीय है कि संघ की ओर से निरंतर कोटवारों को लंबित मांगों को लेकर शासन के समक्ष संघर्षरत है, इससे कोटवारों में अब असंतोष व्याप्त होने लगा है।

# चनवारीडांड का मुक्तिधाम बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



एमसीबी जिले की ग्राम पंचायत चनवारीडांड में स्थित मुक्तिधाम आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बदहाली का शिकार है।

जीवन की अंतिम यात्रा के लिए बनाए गए इस स्थल पर न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही शोकाकुल परिजन को बारिश व तेज धूप से बचाने के लिए कोई शेड। संवेदनशील समय में परिवारों को खुले आसमान के नीचे ही अंतिम संस्कार की रस्में निभानी पड़ती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। वर्षों से पंचायत स्तर से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाई गई, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। मुक्तिधाम में बैठने की कोई व्यवस्था नहीं, छाया का अभाव है और स्वच्छता की स्थिति भी चिंताजनक बनी रहती है। ऐसे में सरकारी योजनाओं और बुनियादी ढॉंचे के दावों पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि विकास कार्यों की सूची में मुक्तिधाम जैसे आवश्यक स्थल अक्सर प्राथमिकता से बाहर रह जाते हैं, जबकि अंतिम संस्कार जैसे कार्य के दौरान सुविधाओं की कमी मानवीय पीड़ा को और बढ़ा देती है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मुक्तिधाम में तत्काल छत/शेड, स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्थायी समाधान के लिए बजट आवंटन कर कार्यों की समय-सीमा तय की जाए। अब निगाहें जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर टिकी है। क्या इस गंभीर जनहित के मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेकर मानवीय गरिमा के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, या फिर यह स्थल यूं ही उपेक्षा का प्रतीक बना रहेगा।

# नदियां नहीं, जहर बह रहा, गंदगी का जिम्मेदार कौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ अस्तित्व की अंतिम सांसे गिन रही हैं जीनदायिनी नदियां



शहर की पहचान रही जीवनदायिनी नदियां आज अपने अस्तित्व की अंतिम सांसे गिन रही हैं। हसदेव नदी, हसिया नदी और विशालबोरा नदी तीनों नदियों अब पवित्र जलधारा नहीं, बल्कि शहर की गंदगी ढोने वाले खुले नाले बन चुकी हैं। नालियों का पूरा गंदा पानी बिना किसी शोधन के सीधे इन नदियों में गिराया जा रहा है, जिससे जल पूरी तरह दूषित हो चुका है।

हालात इतने भयावह हैं कि नहाने की बात तो दूर, नदी किनारे खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। बदबू, सड़ा कचरा, प्लास्टिक और गंदे झाग से भरा पानी साफ संकेत दे रहा है कि इन नदियों में अब पानी नहीं, जहर बह रहा है। गर्मी के मौसम में जब जल स्तर घटता है, तब प्रदूषण और भी घातक रूप ले लेता है, जिससे आसपास के इलाकों में बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। यह स्थिति अचानक पैदा नहीं हुई। वर्षों से शहर की नालियों की योजना बिना दूरदर्शिता के बनाई गई। कहीं भी यह नहीं सोचा गया कि नालियों का अंतिम बहाव कहां जाएगा। नतीजा यह हुआ कि हर मोहल्ले, हर घर और हर दुकान का गंदा पानी नदियों में समा गया। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी बुनियादी व्यवस्था आज तक कागजों से बाहर नहीं आ सकी। सबसे गंभीर सवाल यह है कि इस पर्यावरणीय आपदा पर जिम्मेदार कौन है। स्थानीय प्रशासन जानता है, फिर भी कार्रवाई नहीं करता। जनप्रतिनिधि विकास के दांवे करते हैं, लेकिन नदियों के संरक्षण पर चुप्पी साधे रहते हैं। पर्यावरण प्रेमी संगठन कभी-कभार आवाज उठाते हैं, पर निरंतर आंदोलन या दबाव नहीं बन पाता। आम नागरिक भी इसे सरकारी मामला मानकर अपनी जिम्मेदारी से बचता नजर आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इसी तरह गंदा पानी नदियों में जाता रहा, तो इसका सीधा असर भू-जल पर पड़ेगा। आने वाले वर्षों में पीने का पानी भी प्रदूषित हो सकता है। इसका खामियाजा सबसे ज्यादा गरीब, किसान और ग्रामीण क्षेत्रों को भुगतना पड़ेगा। बच्चों और बुजुर्गों में त्वचा, पेट और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा पहले ही बढ़ चुका है।

नदियां केवल जल का स्त्रोत नहीं होतीं, वे शहर की सांस्कृतिक और सामाजिक आत्मा होती हैं। मनेन्द्रगढ़ में बहने वाली ये नदियां आज सामूहिक लापरवाही, उदासीन प्रशासन और कमजोर जनचेतना की शिकार हैं। सवाल साफ है—क्या हम इन नदियों को मरते हुए देखते रहेंगे, या अब कुछ करेंगे।

# सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ






**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में लैंगिक समावेशन एवं समानता तथा संवेदनशीलता एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण विषय पर सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन नगरपालिका परिषद एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे के मुख्य आतिथ्य तथा सांसद प्रतिनिधि श्रीमती साधना जायसवाल एवं विधायक प्रतिनिधि श्रीमती अंजली जायसवाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पअर्पित एवं दीप प्रज्जलित कर की गई। प्राचार्य डॉ. कच्छप ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि समाज में लैंगिक समानता और संवेदनशीलता समय की आवश्यकता है। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को सामाजिक जागरूकता का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम की रूपरेखा हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं संयोजिका श्रीमती कनकलता पैकरा ने प्रस्तुत करते हुए सात दिवसीय आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रथम दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती वित्तबाला श्रीवास्तव एवं सुश्री कविता मंडल ने समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता, बाल संरक्षण एवं महिला अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि लैंगिक असमानता समाज के समग्र विकास में बाधक है। इस अवसर पर विशाखा गाइडलाइन के प्रावधानों और उनके व्यावहारिक उपयोग पर भी प्रकाश डाला गया। आगामी दिनों में वरिष्ठ पत्रकार, चिकित्सक, पुलिस अधिकारी, मनोवैज्ञानिक, समाजशास्त्री, न्यायिक अधिकारी एवं शिक्षाविद विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार साझा करेंगे। समापन दिवस पर प्रोफेसर जीए घनश्याम प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय कवर्धा मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे।

### अमृत काल नहीं, प्रदेश को मदिरा काल में धकेल रहे- उपाध्याय

**मनेन्द्रगढ़।** छग सरकार की नई आबकारी नीति को लेकर प्रदेश की राजनीति में उबाल आ गया है। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय उपाध्याय ने सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। श्री उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार एक ओर अमृत काल की बात करती है, वहीं दूसरी ओर छग को मदिरा काल की ओर धकेल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों को बंद किया जा रहा है और बच्चों को दूर-दराज क्षेत्रों में पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चों की शिक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने नई आबकारी नीति 2025-26 का हवाला देते हुए कहा कि इसके तहत प्रदेश में 67 नई शराब दुकानें खोली जा रही हैं।

# जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने जुटी कांग्रेस



**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस के संगठन सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत झगराखांड सहित अन्य क्षेत्रों में आयोजित महत्वपूर्ण बैठकों ने क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है, इससे पहले भी बंजी, बुंदेली, पाराडोल, छिपछिपी भौता नारायणपुर तेंदुडांड जैसे पंचायतों में भी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का कार्य प्रारंभ कर दिए गए है। इसके साथ ही झगराखांड में सैकड़ों युवाओं का कांग्रेस का दामन थामना भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर द्वारा आयोजित इन बैठकों का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय, संगठित एवं प्रभावी बनाना रहा।

बैठकों में संगठन विस्तार, कार्यकारिणी गठन, जनसमस्याओं के समाधान, घर-घर जनसंपर्क अभियान तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। झगराखांड में आयोजित बैठक में सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की, इसे इसलिए भी बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि पूर्व में कांग्रेस के तीन-तीन नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश विश्वकर्मा, रजनीश पांडेय एवं रीमा रमेश यादव भाजपा में शामिल हो गए थे। ऐसे राजनीतिक परिदृश्य में युवाओं का कांग्रेस से जुड़ना संगठन के लिए नई ऊर्जा और मजबूती का प्रतीक है। बैठक के दौरान अजीत सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, जनहित की नीतियां और क्षेत्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर वे संगठन से जुड़े हैं तथा जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। झगराखांड मंडलम अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी यह दशार्ती है कि कांग्रेस की विचारधारा आज भी जनमानस में जीवंत है। मजबूत जमीनी रणनीति के साथ संगठन आगामी समय में और अधिक सशक्त होकर उभरेगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा, मंडल अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, छोटेलाल वर्मा, राधे मिश्रा, ज्ञानेन्द्र सिंह, योगेन्द्र खैरवार, राम गोपाल यादव, राकेश यादव, कोमल कांत, खोनेश्वर प्रसाद, मो. रहमतुल्ला, संजय यादव, अरुणिमा सिंह, बबीता यादव, मो. सुलेमान, राज यादव, विनोद जांगड़े, राम राशिले, जगदीश प्रसाद, भावेश जैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नियम तोड़ने वालों के काटे जा रहे चालान

# होली से पहले पुलिस सख्तः विशेष चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



जांच कार्रवाई करती पुलिस।

जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग स्थित एनएच-43 पर शनिवार की शाम पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

आगामी होली महापर्व को देखते हुए अभियान को विशेष सतर्कता और सख्ती के साथ अंजाम दिया गया। इस दौरान दुपहिया और चार पहिया वाहनों की गहन जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना है। चरचा थाना प्रभारी उप निरीक्षक आनंद सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एनएच-43 पर नाकाबंदी कर सघन जांच की। इस दौरान ट्रिपल सवारी, बिना नंबर प्लेट, तेज आवाज वाले साइलेंसर, तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म, अवैध फ्रेम और ओवरलोडिंग करने वालों पर भी जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों को मौके पर ही यातायात नियमों की जानकारी दी गई और सावधानी बरतने की अपील की गई। अचानक हुई जांच से कुछ चालक घबराए नजर आए, जबकि कई नागरिकों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर चलते रहने चाहिए और शहर के भीतर भी नियमित रूप से जांच की जानी चाहिए, ताकि लापरवाह चालकों पर नियंत्रण रखा जा सके।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल चालान काटने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में यातायात के प्रति जागरूकता फैलाना इसका मुख्य उद्देश्य है। आम नागरिकों से अपील की गई कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ट्रिपल सवारी से बचें, सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं। थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी दिनों में विशेषकर त्योहारों के दौरान ऐसे अभियान और भी सख्ती के साथ चलाए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना एवं अव्यवस्था को रोका जा सके। इस दौरान सह उप निरीक्षक बालेश्वर महानंदी, प्रधान आरक्षक बृजेश सिंह, प्रधान आरक्षक अमित त्रिपाठी, विकास सिंह सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों की भी बारीकी से जांच की तथा वाहन चालकों के दस्तावेज ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच की गई। जिन चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए गए, उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि होली जैसे त्योहारों के दौरान हुड़दंग, नशे में वाहन चलाने और तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसे देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। अभियान के दौरान कुछ युवाओं को हेलमेट न पहनने और ट्रिपल सवारी करने पर समझाइश दी गई। पुलिस ने कहा कि नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि एनएच-43 पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ऐसे में नियमित जांच अभियान से निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों में अनुशासन की भावना मजबूत होगी।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ अनाचार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पामगढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ थाना क्षेत्र के दर्री निवासी 20 वर्षीय रवि यादव नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया। नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। मामले की रिपोर्ट पामगढ़ थाने में दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अभिषेक शर्मा पुनः बनाए गए प्रदेश सह संयोजक



**अम्बिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति एवं आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर की अनुशंसा से टैक्स के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक शर्मा को आर्थिक प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ का पुनः प्रदेश सह संयोजक का दायित्व दिया गया है। श्री शर्मा को भाजपा सरगुजा के विभिन्न पदों के दायित्व निर्वहन का लंबा अनुभव रहा है, पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण के कारण भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश संगठन ने पुनः उन पर भरोसा जताया, श्री शर्मा ने प्रदेश सह संयोजक बनाए जाने पर संगठन का आभार व्यक्त किया, वर्तमान में श्री शर्मा टैक्स बार एसोसिएशन सरगुजा के अध्यक्ष भी हैं।

### आशु बने राष्ट्रीय मानवाधिकार रिडमशन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष



**अम्बिकापुर।** शहर के ब्रम्ह रोड सत्तीपारा निवासी आशु अग्रवाल को राष्ट्रीय मानवाधिकार रिडमशन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मानव अधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एपी गुप्ता द्वारा नियुक्त किया गया है। मानव के अधिकारों की रखा व सोशल वर्क एवं सामाजिक कल्याण हेतु कार्य का समाज कल्याण के लिए अपना योगदान कर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राजेश बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**राजपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राजपुर निवासी राजेश कुमार यादव को महासभा में प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। ज्ञात हो कि संयुक्त सरगुजा क्षेत्र में राजेश कुमार यादव की पहचान यादव समाज के साथ-साथ सर्व पिछड़ा वर्ग संगठन में भी एक सक्रिय नेतृत्वकर्ता के रूप में रही है। सामाजिक गतिविधियों में उनकी निरंतर सहभागिता और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है। उनकी नियुक्ति से यादव समाज सहित उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। समाज के विभिन्न वर्गों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं सक्रिय भूमिका निभाएगा।

### भाजयुमो मंडल जरही का विस्तार सौरभ गुप्ता बने मंडल मंत्री



**सोनगरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल जरही की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सौरभ गुप्ता को मंडल मंत्री नियुक्त किया गया है। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि वे युवाओं को जोड़ने और संगठन को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नवीन दायित्व पर सौरभ गुप्ता ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा के अनुरूप समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

## निधन

### कैलाश नाथ मिश्रा

**बिश्रामपुर।** सरगुजा भूमिहार ब्रम्हर्षि समाज के वरिष्ठ नागरिक कैलाश नाथ मिश्रा 92 वर्ष निवासी भट्ठी रोड केदारपुर अंबिकापुर का निधन शनिवार की शाम हो गया,रविवार को शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया,स्व.कैलाश नाथ मिश्रा एसईसीएल बिश्रामपुर के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण के ससुर व जयनगर हाईस्कूल की भौतिकी की प्राध्यापिका श्रीमति राजे श्री नारायण के पिता जी थे।

## शहर सहित आसपास क्षेत्र में खपा रहे बालू

# रेड नहीं तो घाटों पर सक्रिय रेत तस्कर, कर रहे अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

लखनपुर व उदयपुर क्षेत्र में एक बार फिर रेत तस्कर सक्रिय हो गए है। रेत माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हो गए है कि नदी से से रेत का अवैध उत्खनन करने में लगे हुए है। क्षेत्र के ग्रामीणों कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग से की परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। रेड नदी के कई घाटो से लंबे समय से लगातार रेत का अवैध उत्खनन होने से नदी का अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। वहीं अवैध उत्खनन के कारण सरकार को लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है।

**खास बात**
- ग्रामीणों ने कार्रवाई करने की मांग

लखनपुर एवं उदयपुर विकासखंड के मध्य बहने वाली रेड नदी के घाटों से बड़ी की संख्या में ट्रैक्टर, मिनी ट्रक से हर रोज रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया रहा है। इन रेत को आसपास क्षेत्र के अलावा दूसरे जिलों में भी खपाया का काम पिछले कुछ माह से काफी बढ़ गया है। लखनपुर क्षेत्र के बगदरी घाट, तराजू घाट, घुमका, नवापारा जबकि उदयपुर क्षेत्र के देवगढ़ घाट और पटपरिया घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर बड़ी संख्या में ट्रक, ट्रैक्टर, मिनी ट्रक से परिवहन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तराजू घाट से बड़ी संख्या में बालू लोड वाहनों के आवागमन करने से ग्राम पंचायत की सड़क काफी जर्जर हो गई है। जबकि बीच बस्ती से गुजरी सड़क तथा बच्चों के खेलने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। गौरतलब है कि लखनपुर सहित आसपास क्षेत्र में कई छोटी-बड़ी नदियां व नाले है जहां बारिश के दिनों में काफी मात्रा में रेत दूसरे क्षेत्र से बहकर तट पर जमा होती है। इन दिनों लखनपुर सहित आसपास क्षेत्रों नदियों से जगह-जगह रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है।



घाट से रेत ले जाते वाहन।

**सड़क की हालत दयनीय**

ट्रैक्टरों और भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। सड़क पर गड्ढे होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चों के विद्यालय आते जाते समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**हो चुकी है कई बार कार्रवाई**

पूर्व में कई बार प्रशासन की टीम ने रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई कर चुके है। कार्रवाई होने के बाद कुछ दिनों तक रेत परिवहन में अंकुश लगा था परंतु नियमित कार्रवाई नहीं होने से पुनः पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो जाती है। वर्तमान में भी कार्रवाई के अभाव में हर रोज बालू लोड वाहन मार्ग से गुजर रहे है।

### अवैध रेत परिवहन पर लगे रोक

लखनपुर सहित उदयपुर के जनप्रतिधिनियों व ग्रामीणों ने प्रशासन से शिकायत कर अवैध रेत परिवहन पर अंकुश लगाने तथा प्रशासन द्वारा नियमित रूप से क्षेत्र में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के रेत को दूसरे क्षेत्र में रेत माफियाओं द्वारा खपाया जाता है जबकि उन्हें अपने काम के लिए भी रेत उपलब्ध नहीं होता है।

### अधिकारियों से करता हूं चर्चा

रेड नदी के घाटों से रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है तो इसकी जानकारी नहीं है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर अवैध रेत उत्खनन व परिवहन को रोकवाता हूं।

**-वन सिंह नेताम**
एसडीएम लखनपुर-उदयपुर

### सूर्य प्रताप ने 58 वर्ष की उम्र मे किया 27वीं बार रक्तदान

रामानुजगंज। शिक्षा विभाग में कार्यरत नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी सूर्य प्रताप कुशवाहा (58 वर्ष) में मानव सेवा की मिसाल बन गए है। वे अपना जन्मदिन और शादी की सालगिरह अस्पताल में मरीजों के बीच मनाते हैं और नियमित रूप से रक्तदान करते आ रहे हैं। 58 वर्ष की आयु पूरी करने पर उन्होंने 27वीं बार रक्तदान किया और लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने प्रेरित किया। सूर्य प्रताप का कहना है कि रक्तदान महादान है और



इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। सूर्य प्रताप कुशवाहा न केवल स्वयं रक्तदान करते हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित कर मरीजों की सहायता करवाते हैं। अब तक वे सैकड़ों लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाकर उनकी जान बचाने में सहयोग कर चुके हैं। हाल ही में पहाड़ी कोरबा जनजाति की एक मासूम बच्ची का हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 3 प्रतिशत रह गया था। स्थिति गंभीर होने पर तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ी। जानकारी मिलते ही सूर्य प्रताप कुशवाहा ने आगे बढ़कर रक्तदान किया, जिससे बच्ची की जान बचाई जा सकी।

# जमीन विवाद पर बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



जमीन विवाद पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। मारपीट से बुजुर्ग महिला को गंभीर चोट आई है।मारपीट की घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी अनुसार मुलाजिमपारा निवासी अनिल दास गत दिन माता-पिता के साथ बाड़ी में मक्का लगा रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने जमीन विवादित बता पुलिस बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर वापस लौट गई7 पुलिस की समझाइश के बाद अनिल अपने माता पिता के साथ घर वापस आ रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में अनिल के बुजुर्ग माता को गंभीर चोट आई है।पीड़ित पक्ष ने किरण कुलभूषण, आशा, तीरथ एवं हरिश्चंद्र के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगा थाने में विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(2),115(2),127(2) एवं 191(3)के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एआई समिट में नग्न प्रदर्शन कांग्रेस की भारत को अपमानित करने की एक सोची-समझी साजिश : राजेश



**अम्बिकापुर।** पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने नई दिल्ली में आहूत एआई समिट के दौरान शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा किए गए नग्न प्रदर्शन को भारत को अपमानित करने की एक सोची-समझी साजिश बताया तथा कहा कि राहुल गांधी राजनीति के निचले स्तर पर गिर गए हैं। उन्होंने कथित तौर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राजनीतिक पोस्टर लेकर दुनिया के सबसे बड़े एआई इम्पैक्ट समिट में निर्वस्त्र होने का निर्देश दिया जो कांग्रेस के घोर पतन, निर्लज्जता और मानसिक दिवालियेपन का परिचायक है। कांग्रेस ने एआई इम्पैक्ट समिट को बदनाम करने की साजिश पहले ही रच ली थी। राहुल गांधी के इशारे पर लोगों को इकट्ठा किया गया, उन्हें शिखर सम्मेलन के लिए पंजीकृत कराया गया और फिर इस अपमानजनक कृत्य के लिए उकसाया गया। उन्होंने कहा कि तकनीक के विकास के मामले में दुनिया भारत का लोहा मान रही है लेकिन कांग्रेस ने देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का रास्ता चुना और पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मिंदा करने की कोशिश की है। आज भारत जी-20 और एआई समिट जैसे वैश्विक सम्मेलनों की मेजबानी कर रहा है। इस बदलाव को कांग्रेस स्वीकार नहीं कर पा रही है।

# राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुआ उरांव समाज

**अंबिकापुर।** भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को स्वीकृत मेरी परंपरा मेरी विरासत परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला दिल्ली में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ से उरांव समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए राजकुमारी सिंगी दई महिला संघ छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मंजरी भगत व आदिवासी उरांव समाज सरगुजा की सचिव श्रीमती ललिता भगत ने सहभागिता की। राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ में उरांव समाज की सांस्कृतिक पहचान परंपरागत ज्ञान एवं सामाजिक विरासत को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया विशेष रूप से धुमकुड़िया के बारे में चर्चा की और बताया कि धुमकुड़िया को युवा गृह के रूप में जाना जाता है। धुमकुड़िया प्राचीन काल से ही युवाओं को अपने परंपरा, धर्म मान्यता, कला संस्कृति, जीवन जीने की विभिन्न विद्या मौखिक वाचिक और



क्रियाकलापों के माध्यम से सीखाने वाली सशक्त और समृद्ध साली विद्यालय, महाविद्यालय रही है। विचार गोष्ठी में छत्तीसगढ़ के विभिन्न आदिवासी समुदायों के अनूठी परंपराओं को संरक्षित करने हेतु विभिन्न उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

### अजय सोनी बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष



**सीतापुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संगठन का विस्तार करते हुए अजय सोनी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया है।पूर्व मंत्री अमरजीत भगत की अनुशंसा पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा ने अजय सोनी को यह दायित्व सौंपा है।उपाध्यक्ष बनने के बाद अजय सोनी ने कहा कि उपाध्यक्ष के रूप में मुझे जो दायित्व सौंपा गया है।मैं उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूँगा।

सरगुजा मार्केट

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 22 फरवरी, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के ( चौथा रविवार )
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार )
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से 3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो — इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा — कम प्रतीक्षा समय, सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट, जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल, बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाएं — सोनोग्राफी, डिजिटल एक्स-रे, कलर डाप्लर, एंडोस्कोपी स्केन, 2D ईको, ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

Apollo Cancer Centres
"कैंसर पर जीत संभव है"
और अब यह इलाज Navjeevan Cancer Hospital, Ambikapur में भी उपलब्ध होगा Apollo ke विशेषज्ञ onco-surgeon के साथ।
दिनांक 27 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार समय - सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
कैंसर के लक्षण प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को
• मोल्स या मस्सा में स्पष्ट परिवर्तन • महिलाओं की बच्चेदानी में सूजन या गांठ • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
• मल एवं पेशाब में दर्द व रक्त • त्वचा का काला या पीला पड़ना • गले में लगातार दर्द का होना
• मुंह में लगातार छाले होना • लगातार उल्टी, दस्त व अपचन • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
डॉ.अमोल पड़ेगांवकर
एम.एस.डी.एन.बी. (सर्जिकल ऑकोलॉजी) सलाहकार व चिकित्सक अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर
नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल 98938 95889, 9479131664, 7777879370

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 मार्च, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 1 मार्च 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले — MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS,MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि — दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 9826183780,8224007799,9425583780,9406183780 8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज अब सिटी हॉस्पिटल अंबिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार और रविवार,
(इस माह 14 और 15 मार्च 2026 ) को उपलब्ध रहेंगे
सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धंजल कॉम्पलेक्स रिंग रोड अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP- 5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
अगर आप दर्द की दवाई खाकर या फिजियोथेरेपी कराके परेशान हैं तो अवश्य मिलें
• बिना चीरफाड़ के अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ईलाज
• TFESI/इंजेक्शन द्वारा ईलाज
• लेजर रेडिओफ्रेक्वेंसी अबलेशन मशीन द्वारा दर्द का ईलाज
• स्टेम सेल/ पीआरपी ट्रीटमेंट (Regeneration Therapy)
• ओजोन थेरपी (स्लिप डिस्क एवं जोड़ों का दर्द)
SCOPE OF TREATMENT
• कमर दर्द • साइटिका • गर्दन का दर्द • नसों का दर्द • चेहरे पर करेंट जैसा दर्द • या दांतों का दर्द • कैंसर का दर्द • घुटने या जोड़ों का दर्द • अन्य कोई दर्द भी गठिया या पुराना दर्द
समय : शनिवार सुबह 10 से 3 बजे तक, रविवार सुबह 10 से 1 बजे तक
88770826055, +919827731775, 6261827790

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 फरवरी, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

वरिष्ठ न्यूरोसर्जन
डॉ. एम.के. तिवारी
(एम.एस., एम.सीएच - न्यूरोसर्जरी)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी (ब्रेन व स्पाईन) रोग विशेषज्ञ
ट्रॉमा एवं न्यूरो इमरजेंसी हेतु 24×7 सेवाएँ उपलब्ध
सिटी क्लिनिक जे जे एच (जिला चिकित्सालयके सामने) में भी प्रतिदिन सायं 05:00 बजे से 07:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।
ओ.पी.डी.में निःशुल्क परामर्श दिनांक 23 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक
जीवन ज्योति सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैंड के पास, दर्रीपारा, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### उद्यानिकी महाविद्यालय में हुआ प्रगतिशील कृषकों का सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सिलफिली में प्रगतिशील एवं नवाचारी किसानों का सम्मेलन सेवानिवृत्त जीएम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं अधिष्ठाता डॉ.रविन्द्र तिग्गा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यशाला में सूरजपुर जिले के 25 प्रगतिशील एवं नवाचारी कृषकों ने भागीदारी की। ये कृषक ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, वीएनआर अमरूद, रसभरी, ब्रोकली, सब्जी एवं गेंदें के साथ नारियल, सुपारी, अनानस, काली मिर्च, कॉफी, अदरक, हल्दी आदि की समन्वित एवं बहुमंजिली खेती की जा रही है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ.तिग्गा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं तकनीकी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने हेतु कृषकों की समस्याएं जानी व छात्र-छात्राओं द्वारा प्रायोगिक शिक्षा के अंतर्गत किए जा रहे छात्र-छात्राओं कृषकों के प्रक्षेत्र भ्रमण की जानकारी दी। राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने उद्यानिकी फसलों के उत्तम प्रबंधन एवं पर्यावरण अनुकूल स्मार्ट बागवानी अपनाने के उपाय सुझाए तथा उत्पादन लागत में कमी लाकर आय दोगुनी करने सुझाव दिए। सहायक संचालक उद्यान जे.मरावी ने उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इफको के जनरल मैनेजर सुधीर सक्सेना ने जैविक खेती खादों के साथ मुख्य, सहायक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। रसायन मुक्त खेती हेतु बायो-ऑर्गेनिक एवं वनस्पति आधारित कीटनाशकों के उपयोग की जानकारी दी। कृषक विद्यासागर ने स्ट्रॉबेरी की खेती से संबंधित तकनीकी जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.राहुल कुमार गुप्ता ने किया।

### भाजपा की कार्यशाला में प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा पर मंथन




**अम्बिकापुर।** बूथ, मंडल व जिला में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग के लिए शनिवार को भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने उद्घाटन सत्र के उद्बोधन में प्रशिक्षण वर्ग के महत्व को बताया। द्वितीय सत्र में महापौर मंजूषा भगत की अध्यक्षता में विषय वक्ता अंबिकेश केशरी ने प्रशिक्षण योजना पर प्रकाश डाला, उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग की तिथि, स्थान, विषय वक्ताओं के नाम आदि की जानकारी दी। महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री फुलेश्वरी सिंह की अध्यक्षता में तृतीय सत्र के विषय वक्ता सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक ज्ञान प्रकाश दुबे ने पीपीटी नवाचार अंतर्गत वर्तमान परिपेक्ष्य में एआई का प्रयोग और मीडिया, सोशल मीडिया कंटेंट सहित अन्य विषयों की जानकारी दी। चौथे सत्र की अध्यक्षता सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने की तथा विषय वक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक हेमंत नाग ने कहा कि हमारी पहचान विश्वस्तर पर सबसे ऊपर है। 2047 के विकसित भारत के संकल्प पर पीएम मोदी नजर बनाये हुए है। हमारी सोच राष्ट्रवादी होनी चाहिएऔर प्रत्येक पदाधिकारी का उसके पद के अनुरूप विजन होना चाहिए। कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध और स्व आचरण को विस्तार से परिभाषित किया। अंतिम सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह की अध्यक्षता में विषय वक्ता भारत सिंह सिसोदिया ने प्रशिक्षण वर्ग के कार्यक्रमों और विषयों की जानकारी दी। कार्यशाला के प्रारंभ में पदाधिकारियों का पंजीयन और ध्वजारोहण किया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया तथा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीमती अरूणा सिंह, इंदर भगत, राधेश्याम ठाकुर, विकास पाण्डेय, निलेश सिंह, निश्चल प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की मौत हो गई। ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम की जबकि कार की टक्कर से स्कूटी सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार इंदिरानगर फुन्दुरडिहारी निवासी एलेन्द्र मोचारी आ. राम सिंह मोचारी (43 वर्ष) 31 दिसम्बर की रात लगभग 1 बजे ड्यूटी कर स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीओ 6375 से घर लौट रहे थे। जैसे ही गांधी चौक के समीप पहुंचे तभी कार क्रमांक सीजी 15 ईजी 5999 का चालक टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। दूसरी घटना में पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम झक्कडपुर निवासी आदित्य नाग आ. राधेश्याम (4 वर्ष) गत दिन घर के सामने खेल रहा था तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन बालक को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बालक को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## अधिकारियों ने तीन महीने में विद्युत विस्तार करने का दिया था लिखित आश्वासन

# ढिबरी के भरोसे दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दो दर्जन गांव के लोगों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने के साथ ही एक बार फिर दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के गांवों में विद्युत विस्तार की मांग जोर पकड़ने लगी है। बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है जबकि स्कूल-कॉलेज की परीक्षाएं सिर पर हैं तथा पर्याप्त रोशनी के अभाव में बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

**खास बात**

- विभाग ने शासन को भेजा 17 गांवों का प्रस्ताव

आधुनिक युग में जब गांव-गांव में तकनीकी विकास हो रहा है तथा रोजगार के नए-नए अवसर पैदा हो रहे हैं बीहड़ों के बीच बसे लगभग दो दर्जन गांव के लोगों की जिंदगी ढिबरी के भरोसे चल रही है। विद्युत के अभाव में क्षेत्र के गांवों में अभी तक आटा चक्की एवं धान कूटने की मशीन तक नहीं लग पाई है तथा लोगों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए लम्बी दूरी का सफर करना पड़ता है। गांव को बिजली से रोशन होने का सपना देखने वाले पीढ़ी की नजरें धुंधली हो गई लेकिन गांवों तक बिजली नहीं पहुंच सकी। क्षेत्रवासियों के लिए विद्युत विस्तार के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ होते ही राजनीतिक दबाव में विद्युत अधिकारी विद्युत विस्तार के लिए सर्वे की खानापूर्ति शुरू कर देते हैं। कई चुनाव हुए लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी। क्रेडा द्वारा वर्षों पूर्व गांवों में लगाया सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट पिछले चार महीनों से बदं होने के बाद ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है तथा ग्रामीणों की जिंदगी पूरी तरह से ढिबरी पर आश्रित हो गई है। लम्बे समय से चली आ रही इस समस्या के विरोध में क्षेत्र के सरपंचों ने दिसम्बर की भीषण ठंड के दौरान 11 दिनों तक धरना-प्रदर्शन भी किया था। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के आंदोलन को भैयाथान एसडीएम ने तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार कार्य प्रारंभ करने का लिखित आश्वासन देकर बंद कराया था। आंदोलन को समाप्त हुए दो महीने से अधिक समय हो गया है लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई पहल प्रारंभ नहीं हो सकी है।





लालटेन व ढिबरी की रौशनी में पढ़ाई करते बच्चे।

### वन बाधा बड़ी समस्या

क्षेत्र के अधिकांश गांव जंगलों से घिरे हैं जबकि कई बड़े गांव गुरूघासीदास नेशनल पार्क की सीमा में बसे हैं। नेशनल पार्क के भीतर बसे गांवों तक बिजली पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति आवश्यक है। इसके लिए शासन स्तर पर पहल जरूरी है। स्वीकृति मिलने के बाद विभाग अण्डरग्राउण्ड केबल बिछाकर गांवों तक विद्युत विस्तार की पहल कर सकता है जिसमें लम्बा समय लगने की संभावना है। सामान्य जंगल से घिरे गांवों में विद्युत विस्तार के लिए विभाग लम्बे समय से विभाग की अनापत्ति लेने की पहल कर रहा है तथा 17 गांवों में विद्युत विस्तार के लिए वन विभाग ने विद्युत विभाग को अनापत्ति दे भी दी है। विद्युत विभाग ने इन गांवों में विद्युत विस्तार करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है तथा प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

### महीनों से सोलर प्लांट बंद

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के विद्युत विहीन गांवों में क्रेडा द्वारा सोलर पावर प्लांट लगाया गया था तथा घर-घर में रोशनी के लिए होम लाइट उपलब्ध कराई गई थी। देखरेख के अभाव में उपकरणों के खराब होने से धीरे-धीरे सोलर पॉवर प्लांट एवं होम लाइट बंद होने लगे। ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारियों ने शीघ्र उपकरणों को बदलने एवं मरम्मत कराने का आश्वासन भी दिया लेकिन राशि के अभाव में कुछ भी नहीं हो सका। हालत यह है वर्तमान में मात्र 4-5 फीसदी सोलर पॉवर प्लांट व होमलाइट काम कर रहे हैं। अधिकारी महीनों से विभाग के पास बजट नहीं होने का रोना रो रहे हैं। ऐसे में निकट भविष्य में महीनों से बंद पड़े सोलर पॉवर प्लांट एवं होम लाइट की मरम्मत होने की संभावना नहीं है।

### तीन गांवों में विद्युत विस्तार की स्वीकृति

विद्युत अधिकारियों के अनुसार शासन द्वारा दूरस्थ ग्राम मसनकी के पसेरी पारा, असुरा एवं नवाडीह खुर्द में विद्युत विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई है। विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है तथा ठेकेदारों को गांवों में विस्तार कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति दे दी है। अभी भी विभाग को दूरस्थ क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में विद्युत विस्तार के लिए वन विभाग की अनापत्ति नहीं मिली है। विभाग के अधिकारी वन विभाग की अनापत्ति के लिए कोशिशें कर रहे हैं।

### भेजा गया है प्रस्ताव

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के विभिन्न 17 गांवों में विद्युत विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इन गांवों में विद्युत विस्तार के लिए वन विभाग की अनापत्ति मिल गई है। स्वीकृति मिलते ही विद्युत विस्तार की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

-बसंत सोम
ईई, विद्युत विभाग सूरजपुर

## अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी निगरानी, प्रशासन की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

जिले में कुल 20 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 3 नई रेत खदानें ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित की गई हैं। जिले में कुल 15 अस्थायी रेत भंडारण अनुज्ञा स्वीकृत हैं। स्वीकृत खदानों एवं भंडारण क्षेत्रों से रामपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में रेत की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की जा रही है।

विधानसभा रामपुर क्षेत्र में कुल 12 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 2 नवीन रेत खदानों-तरईमार एवं कछार (चोरभठ्ठी) को ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है, जिनकी स्वीकृति की प्रक्रिया प्रचलन में है। इसी प्रकार रामपुर क्षेत्र में रेत के 8 अस्थायी भंडारण अनुज्ञापत्र स्वीकृत हैं। प्रशासन द्वारा खनिजों के अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। जिले में अब तक खनिजों के अवैध परिवहन के 264, अवैध उत्खनन के 21 तथा अवैध भंडारण के 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल 73 लाख 73 हजार 12 रुपए की राशि समझौता शुल्क के रूप में वसूल की गई है। जिले में गठित टास्क फोर्स समिति-खनिज, वन, पुलिस, परिवहन एवं राजस्व विभाग-द्वारा विधानसभा रामपुर क्षेत्र के उरगा, कुदुरमाल, बरपाली, करतला, नोनबिर्रा एवं अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ पूरे जिले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। समिति द्वारा रेत, कोयला, मुरूम/मिट्टी, गिट्टी एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिले में रेत की आपूर्ति के लिए पर्याप्त स्वीकृत खदान उपलब्ध हैं तथा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए निरंतर गशत एवं कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को प्रदान करें।



### मुख्य मार्ग पर मवेशी से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** पटना थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी अमृत सिंह आ. स्व. मान साय (50 वर्ष) शनिवार को किसी काम के सिलसिले में बाइक से बरपारा गया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम छेंदिया मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी मवेशी से टकरा कर सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को पटना अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, राजसात होगा यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

यूरिया की कालाबाजारी के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग किए जाने, दूसरे राज्य के किसानों को यूरिया बेचने के मामले में जब्त किए गए लगभग दो करोड़ से अधिक के यूरिया को राजसात किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने दस सदस्यीय टीम का गठन किया है और इस टीम का नोडल अधिकारी एसडीएम को बनाया गया है।

- कलेक्टर ने बनाई दस सदस्यीय टीम, पूर्व में किया गया था सील

बता दें कि शहर के रायगढ़ रोड स्थित विजय ट्रेडिंग कंपनी के यूरिया की कालाबाजारी की सूचना के बाद जिला प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान प्रारंभिक रूप से गड़बड़ी की पुष्टि होने पर कलेक्टर के निर्देश पर लगभग दो करोड़ रूपए से अधिक के खाद को गोदाम में पहले ही सील कर दिया गया था और उसके बाद मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान अब इस बात की पुष्टि हुई है कि विजय ट्रेडिंग कंपनी के संचालक द्वारा बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि संचालक द्वारा 95 से अधिक किसानों के नाम पर यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग की गई थी। दूसरे राज्यों के लोगों के नामा पर यूरिया बेचा गया वहीं किसानों के नाम अपर अधिक मात्रा में यूरिया बेचा गया। जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 (ए) (2) के तहत जब्त किए गए यूरिया को राजसात करने का आदेश दिया है। इस कार्रवाई के लिए कलेक्टर ने एसडीएम फागेश सिन्हा को नोडल अधिकारी बनाने के साथ ही अनुविभागीय कृषि अधिकारी अम्ब्रोस टोप्पो को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। दस सदस्यीय टीम एसडीएम के नेतृत्व में विजय ट्रेडिंग कंपनी के यूरिया को राजसात करेगी।




सील दुकान।

## कलेक्टर के निर्देश पर नगर पंचायत प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश के बाद रविवार को नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय प्रांगण में जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू थामकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।रविवार की सुबह अभियान में नगर पंचायत कार्यालय परिसर और पुस्तकालय भवन के आसपास साफ-सफाई का कार्य शुरू किया गया,कार्यालय के सामने जमा कचरे को हटाया गया, परिसर की फैली गंदगी को व्यवस्थित तरीके से साफ किया गया,इस अवसर पर नगर पंचायत बिश्रामपुर की अध्यक्ष निर्मला यादव,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव तथा नगर पंचायत के सीएमओ सुशील कुमार तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्वच्छता कर्मी मौजूद रहे,गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक रविवार को निकाय क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाए, ताकि प्रशासन और जनता के बीच सहभागिता बढ़े और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी विकसित हो,इसी कड़ी में बिश्रामपुर में यह अभियान संचालित किया गया,अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखें, कचरा इधर-उधर न फेंकें और नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें,साथ ही स्वच्छता को एक नियमित आदत के रूप में अपनाने का आह्वान किया गया।






## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा युवा मोर्चा नेता विक्रम गुप्ता एव नंदकिशोर गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर 100 बिस्तर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महतारी वंदन योजना से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। नगर के सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर विक्रम गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास और तरक्की के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जो जनसेवा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान सीताराम गुप्ता, शर्मिला गुप्ता, बी लाल गुप्ता, शैलेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, धर्म प्रकाश केशरी, उबलक मरावी, विकास गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, नीरा ठाकुर, शकुंतला, अमित सिंह, आकाश तिवारी, असलम अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस के रूप में महिला मोर्चा ने मनाया मुख्यमंत्री जन्मदिन

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के आह्वान पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मिंज के नेतृत्व में भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित मुख्य अतिथि में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन सुशासन संकल्प दिवस के रूप में महराजगंज में मनाया गया। महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्व प्रथम हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री श्री दीक्षित ने मुख्यमंत्री श्री साय का जीवन परिचय देते हुए कहा कि उनका जन्म एक किसान परिवार में हुआ था। मुख्यमंत्री का जीवन सरल, सहज, दृढ़ निश्चय सोच के धनी थे। उन्होंने बचपन से लेकर मुख्यमंत्री तक के सफ़र को अवगत कराया तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, अर्पणा दीक्षित, गायत्री, अजय, सुमित्रा, श्यामा, विजय प्रताप सिंह, रजनी, अर्चना सिंह, ममता रजक, सरिता, अभय मोहन भट्ट, लवकुश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर महिला मोर्चा ने की पूजा-अर्चना

**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशन तथा मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर महिला मोर्चा द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया।शनिवार को विश्रामपुर बस स्टैंड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में महिला मोर्चा की जिला एवं मंडल इकाइयों की कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, शिवनंदनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, विश्रामपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ महिला नेता श्याम पांडे तथा जिला महामंत्री नेहा तिवारी उपस्थित रही।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

